CMYK
Website : www.highwaychannel.in
छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

◘ वर्ष- 27 ◘ अंक- 314 ◘ रायपुर, रविवार 8 दिसम्बर 2024 ◘ पृष्ठ-8 ◘ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

### विद्रोहियों का दमिश्क में कब्जा, असद परिवार के 50 साल के शासन का अंत

## सीरिया के राष्ट्रपति असद देश छोड़कर भागे

**नई दिल्ली, 8 दिसम्बर (न्यूज चैनल)।** सीरिया की राजधानी दमिश्क में विद्रोहियों का कब्जा हो गया है और राष्ट्रपति बशर अल असद एक विशेष विमान से दमिश्क छोड़ कर भाग गए हैं. विद्रोहियों ने असद के सैनिकों को सरेंडर करने को कहा है. कई इलाकों से सैनिक भाग गए हैं. विद्रोही दमिश्क में जश्न मना रहे हैं. एपी की रिपोर्ट के अनुसार, सीरियाई सरकार का पतन हो गया है, जिससे असद परिवार के 50 साल के शासन का अंत हो गया है. बताया जा रहा है कि राजधानी दमिश्क को विद्रोहियों ने अपने कब्जे में ले लिया है. विद्रोहियों ने देश के रक्षा मंत्रालय, पब्लिक रेडियो और टीवी स?टेशन को भी अपने नियंत्रण में ले लिया है. फिलहाल विद्रोही हवाई फायरिंग कर राजधानी पर जीत का जश्न मना रहे हैं. आजादी के नारे लगा रहे हैं।







विद्रोहियों ने इस बीच सीरिया से बाहर रह रहे लोगों से अपील की है कि वे वापस लौट आएं. सीरिया में आखिरकार असद का तख्तापलट हो गया है. हालांकि, सीरियाई प्रधानमंत्री ने कहा है कि वह देश छोड़कर नहीं भागेंगे, शांतिपूर्ण तरीके से सत?ता को विपक्ष के हाथों में सौंपेंगे. कई वीडियो भी सामने आ रहे हैं, जिनमें सीरियाई विद्रोही दमिश?क में जश्न मनाते हुए नजर आ रहे हैं. इसके साथ ही दावा किया जा रहा है कि असद के सैनिक सिविल ड्रेस में दमिश?क छोड़कर भाग रहे हैं. वे अपनी जान बचाना चाहते हैं. इससे पहले सीरिया के प्रधानमंत्री ने कहा कि वह शासन की बागडोर शांतिपूर्ण तरीके से विपक्ष को सौंपने के लिए तैयार हैं। इस्लामिक गुट हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) ने शनिवार रात घोषणा की थी कि सीरियाई सेना द्वारा कथित तौर पर अपने बाहरी इलाके में पीछे हटने के बाद उसकी सेना सीरिया के तीसरे सबसे बड़े शहर होम्स में प्रवेश कर गई है. यह शहर, जो भूमध्यसागरीय तट पर दमिश्क और असद के गढ़ों के बीच एक महत्वपूर्ण जंक्शन है, अब विद्रोहियों के हाथों में है. एचटीएस नेता अबू मोहम्मद अल-जोलानी ने घोषणा की कि उनकी सेनाएं होम्स और दमिश्क की दहलीज पर हैं, और आपराधिक शासन को उखाड़ फेंकना करीब है।

भारत भी सीरिया के हालात पर नजर बनाए हुए है. सीरिया में जारी हिंसा के मद्देनजर भारत ने अपने नागरिकों को वहां की यात्रा से बचने की सलाह दी है और सीरियां में रह रहे नागरिकों से अत्यंत सावधानी बरतने तथा आवाजाही समिति करने का आग्रह किया।

### तेज रफ्तार कार हुई दुर्घटना का शिकार

## हादसे में दो की मौत, दो गंभीर

**भिलाई, 8 दिसंबर (हाईवे चैनल)।** दुर्ग जिले के भिलाई में रफ्तार का कहर देखने को मिला हैं. जहां सेंट्रल एवेन्यू में शनिवार देर रात सड़क हादसे में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई हैं. बताया जा रहा है कि एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर पेड़ को ठोकर मारने के बाद झाड़ियों में पलट गई. इस दौरान कार में चार लोग सवार थें. हादसे में एक युवक और एक युवती की मौत हो गई है. वहीं दो लोग घायल हो गए हैं. जिन्हें इलाज के लिए बीएसपी के सेक्टर 9 अस्पताल भर्ती कराया गया हैं. मामला भट्टी पुलिस थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक, भिलाई के सेंट्रल एवेन्यू के सेक्टर 1 में एसबीआई चौक के सामने कार हादसे का शिकार हो गई. तेज रफ्तार स्विफ्ट कार मुर्गा चौक से सेक्टर 9 की ओर जा रही थी. इस बीच कार अनियंत्रित होकर पेड़ को ठोकर मारने के बाद झाड़ियों में पलट गई. जिसमें ई पॉकेट मरोदा सेक्टर निवासी लुकेंद्र उईके की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं मरोदा सेक्टर निवासी दीपिका कौर ने अस्पताल लेकर जाने के दौरान दम तोड़ दिया. इस दर्दनाक सड़क हादसे में कार सवार दो अन्य लोग घायल हुए हैं। जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।



### ब्रेकिंग न्यूज

#### दिल्ली के नरेला में सिलेंडर ब्लास्ट 3 बच्चों समेत 6 लोग झुलसे

**नई दिल्ली, 8 दिसम्बर (न्यूज चैनल)।** दिल्ली के नरेला में सिलेंडर ब्लास्ट का मामला सामने आया है. सिलेंडर ब्लास्ट होने के कारण यहां एक ही परिवार के 6 लोग बुरी तरह झुलस गए. इसमें 3 बच्चे भी शामिल है. जानकारी के मुताबिक दो मंजिला इमारत की छत गिरने की वजह से यह हादसा हुआ है. हादसे में घायल हुए लोगों में 40 वर्षीय राजु, 35 वर्षीय राजू की पत्नी राजेश्वरी, 18 वर्षीय राहुल और तीन लड़कियां शामिल हैं. पड़ोसियों ने बताया कि जिस वक्त छत नीचे गिरी उस वक्त परिवार खाना बना रहा था और इस वजह से वो सिलेंडर फटने पर झुलस गए.

#### सिलीगुड़ी बंगाल सफारी में बाघ के तीन शावकों की मौत

**नई दिल्ली, 8 दिसम्बर (न्यूज चैनल)।** पश्चिम बंगाल के उत्तरी भाग में सिलीगुड़ी के बंगाल सफारी में बाघ के तीन शावकों की उस समय मौत हो गई जब उनकी मां ने उन्हें मुंह में रखकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते समय गलती से उनकी गर्दन पर काट लिया। प्राणी उद्यान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकार दी। पश्चिम बंगाल प्राणी उद्यान प्राधिकरण के सचिव सौरव चौधरी ने बताया कि बाघिन 'रिका' के पिछले सप्ताह जन्मे शावकों की श्वास नली में उस समय छेद हो जाने के कारण मौत हो गई जब बाघिन उन्हें अपने मुंह में रखकर एक स्थान से दूसरे स्थान लेकर जा रही थी। दो शावकों की मौत बृहस्पतिवार रात को हुई, जबकि शुक्रवार को एक और शावक ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद से बाघिन सदमे में प्रतीत हो रही है, जो उसके व्यवहार से स्पष्ट है। उन्होंने कहा, यह बाघिन द्वारा गले पर गलत जगह से पकड़ने के कारण शावकों की मौत होने का मामला है। हम भविष्य में और अधिक सावधानी बरतेंगे।

#### तेलंगाना में एम्बुलेंस चुराने वाले व्यक्ति को पुलिस ने 100 किलोमीटर तक पीछा करके पकड़ा

**नई दिल्ली, 8 दिसम्बर (न्यूज चैनल)।** हैदराबाद के निकट हयात नगर से शनिवार को एक एम्बुलेंस चुराने वाले 50 वर्षीय व्यक्ति को तेलंगाना के नलगोंडा जिले में करीब 100 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद पकड़ लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह व्यक्ति मानसिक रूप से अस्थिर प्रतीत होता है और उसने सुबह एक अस्पताल से 108 एम्बुलेंस सेवा का वाहन चुराया और सायरन बजाते हुए उसे हैदराबाद-विजयवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर लेकर गया। पुलिस ने बताया कि पीछा करने के दौरान एक सहायक उपनिरीक्षक घायल हो गया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि एम्बुलेंस चोरी की सूचना मिलने के बाद रास्ते में पड़ने वाले विभिन्न थानों के पुलिसकर्मियों ने उसका पीछा किया।

## सीजीपीएससी घोटाले में महिला अधिकारी आरती वासनिक अरेस्ट

**रायपुर, 8 दिसंबर (हाईवे चैनल)।** सीजीपीएससी गड़बड़ी मामले में सीबीआई ने एग्जाम कंट्रोलर रह चुकी अधिकारी आरती वासनिक को गिरफ्तार किया है। दो दिन पहले ही सीबीआई की टीम ने राजनांदगांव स्थित आरती के घर पर छापेमारी की थी। अब सीबीआई अपनी कस्टडी में लेकर पूछताछ कर सकती है। चर्चा है कि, सीबीआई को महिला अधिकारी आरती के खिलाफ कुछ अहम सबूत मिले हैं। इससे पहले, सीबीआई ने सीजीपीएससी के पूर्व अध्यक्ष टामन सोनवानी और छत्तीसगढ़ के स्टील कारोबारी श्रवण गोयल को अरेस्ट किया था। फिलहाल, दोनों जेल में है। अब आरती वासनिक पर भी शक है कि, वो घोटाले में शामिल हो सकती है। बता दें कि



सीजीपीएससी-2019 से 2022 तक की भर्ती में कुछ अभ्यर्थियों के चयन को लेकर विवाद है। ईओडब्ल्यू और अर्जुंदा पुलिस ने भ्रष्टाचार-अनियमितता के आरोप में केस दर्ज किया है। पीएससी ने 2020 में 175 पदों पर और 2021 में 171 पदों पर परीक्षा ली थी। इन्हीं भर्तियों को लेकर ज्यादा विवाद है। आरोप है कि तत्कालीन चेयरमैन सोनवानी ने अपने रिश्तेदारों समेत कांग्रेसी नेता और ब्यूरोक्रेट्स के बच्चों की नौकरी लगवाई है।

## नक्सलियों ने किया पुलिस कैंप पर हमला, तीन जवानों को आई मामूली चोट

**बीजापुर, 8 दिसंबर (हाईवे चैनल)।** बीजापुर जिले में एक बार फिर नक्सलियों ने पुलिस बेस कैंप पर हमला किया है. तीन दिनों में यह दूसरा नक्सली हमला है. बीजापुर एसपी डॉ जितेंद्र यादव ने कैम्प पर फायरिंग की पुष्टि की है।

पामेड़ थाना अंतर्गत जीड़पल्ली पुलिस कैंप पर नक्सलियों ने हमला किया है. पुलिस नक्सलियों के बीच गोलीबारी में तीन जवानों को मामूली चोट आई है. जवानों का बेस कैंप में प्राथमिक इलाज चल रहा है. बताया जा रहा है कि इन हमलों के पीछे सेंट्रल कमेटी के शीर्ष नेता हिडमा का हाथ है. पुलिस के आला अधिकारियों की माने तो बड़े नक्सली नेता खुद की प्राणों की चिंता करते हुए आस-पास के राज्यों में भाग रहे हैं. ऐसे में जाते-जाते बौखलाहट में पुलिस कैंप पर हमला कर निचले कैडर के मनोबल को बढ़ाए रखने का प्रयास कर रहे हैं।



### विदेश मंत्री जयशंकर कतर यात्रा के बाद बहरीन पहुंचे

**नई दिल्ली, 8 दिसम्बर (न्यूज चैनल)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर शनिवार को बहरीन पहुंचे, जहां वह मनामा वार्ता में भाग लेंगे और मंत्रिस्तरीय बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। दो देशों की अपनी चार दिवसीय यात्रा के अंतिम चरण में मनामा पहुंचे जयशंकर का स्वागत उनके बहरीन के समकक्ष डॉ. अब्दुल्लातिफ बिन राशिद अल जयानी ने किया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज शाम मनामा पहुंचकर बहुत प्रसन्न हूं। अपने भाई विदेश मंत्री डॉ. अब्दुल्लातिफ बिन राशिद अल जयानी से मिलकर बहुत खुशी हुई। उन्होंने कहा, कल मनामा वार्ता में भाग लेने के लिए उत्सुक हूं। मुझे विश्वास है कि हमारा उच्च संयुक्त आयोग बहुत सार्थक होगा। वह अल जयानी के साथ चौथे भारत-बहरीन उच्च संयुक्त आयोग (एचजेसी) की सह-अध्यक्षता करेंगे। जयशंकर कतर की यात्रा पूरी करने के बाद बहरीन पहुंचे।



## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में मकोका कोर्ट का बड़ा फैसला आठ आरोपियों को 16 दिसंबर तक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली, 8 दिसम्बर (न्यूज चैनल)।** बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में अब तक 26 लोगों को गिरफ्तार किया है और सभी आरोपियों पर मकोका के तहत कठोर कार्रवाई की जा रही है। वहीं आज मुंबई की एक विशेष मकोका अदालत ने शनिवार को हत्याकांड में शामिल आठ आरोपियों को 16 दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बता दें कि, कथित मुख्य शूटर शिवकुमार गौतम समेत आठ आरोपियों को पुलिस रिमांड खत्म होने पर शनिवार को मकोका के तहत मामलों के विशेष न्यायाधीश ए एम पाटिल के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने जांच एजेंसी की मांग के अनुसार उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया।





वहीं इस मामले में अधिवक्ता अजिंक्य मिरगल ने बताया कि, आज मुख्य शूटर और सप्लायर समेत 8 लोग कोर्ट में पेश हुए। विस्तृत जांच पूरी हो चुकी है। 3 दिसंबर को जब सभी 26 आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया था, तब इन 8 लोगों की 4 दिनों की पुलिस हिरासत मंजूर की गई थी। इसमें आगे कोई प्रगति नहीं हुई है। पुलिस ने इन 8 आरोपियों की न्यायिक हिरासत मांगी थी, जो मंजूर कर ली गई। हम चाहते हैं कि जल्द से जल्द चार्जशीट दाखिल की जाए ताकि हम जमानत के लिए अर्जी दे सकें। बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में गिरफ्तार हुए सभी 26 आरोपियों पर अब महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एक्ट (मकोका) भी लगाया गया है। बता दें कि महाराष्ट्र सरकार ने साल 1999 में मकोका कानून बनाया था। इसका मकसद संगठित और अंडरवर्ल्ड अपराध को खत्म करना है।

### श्रीलंकाई नौसेना ने आठ भारतीय मछुआरों को पकड़ा, नावें जब्त कीं

**नई दिल्ली, 8 दिसम्बर (न्यूज चैनल)।** श्रीलंकाई नौसेना की तरफ से भारतीय मछुआरों को पकड़ने का सिलसिला जारी है। रविवार की सुबह आठ भारतीय मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने पकड़ और उनके पास से दो नावों को जब्त कर लिया। पकड़े गए मछुआरे तमिलनाडु के रामनाथपुरम के रहने वाले हैं। उनकी पहचान मंगदु भत्रप्पन, रेड्डूयूरानी, कन्नन, चिन्ना रेड्डूयूरानी मुथुराज, अगस्तियार कुटम काली और थंगाचिमद यासीन, जीसस, उचिपुल्ली रामकृष्णन और वेलु के तौर पर की गई है।

मंडपम मछुआरा संघ के अनुसार, पकड़े गए मछुआरे मंडपम से समुद्र की तरफ गए थे। वे पाक खाड़ी के समुद्री क्षेत्र में मछली पकड़ रहे थे। आज सुबह श्रीलंकाई नौसेना इस क्षेत्र में आई और मछुआरों के सीमा पार करने का दावा करने लगे। कल सात दिसंबर को रामनाथपुरम के मंडपम उत्तर तट से 324 नावों में मछुआरे पाक खाड़ी क्षेत्र में डेल्फ्ट द्वीप के पास मछली पकड़ रहे थे। श्रीलंकाई नौसेना आज सुबह इस क्षेत्र में पहुंची और दो नावों आईएनडी टीएन 11 एमएम को जब्त कर लिया।

## किसानों को खदेड़ने के लिए हरियाणा पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले, एक घायल

**नई दिल्ली, 8 दिसम्बर (न्यूज चैनल)।** पंजाब के किसान संगठन अपनी मांगों को लेकर फरवरी से शंभू बॉर्डर पर मोर्चा लगाकर बैठे हैं। हरियाणा उन्हें आगे नहीं जाने दे रहा। छह दिसंबर को भी किसानों ने आगे बढ़ने का प्रयास किया था, लेकिन पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागकर किसानों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया था। आज फिर किसान दिल्ली की तरफ बढ़े।

एक किसान ने जाली में कुंडी फंसाकर तोड़ने की कोशिश की तो पुलिस ने किसानों को खदेड़ने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। शंभू बॉर्डर पर हरियाणा पुलिस की तरफ से किसानों के पहचान पत्र दिखाने को कहा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि हम पहले किसानों की पहचान करेंगे और फिर उन्हें आगे जाने देंगे। हमारे पास 101 किसानों के नामों की सूची है, और वे वे लोग नहीं हैं। वे हमें अपनी पहचान नहीं करने दे रहे हैं। वे भीड़ के रूप में आगे बढ़ रहे हैं।



मीडियाकर्मियों को रोकने से नाराज किसान शंभू बॉर्डर पर धरने पर बैठ गए हैं। शंभू बॉर्डर पर किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने आरोप लगाया कि भगवंत मान सरकार केंद्र सरकार के साथ किसी तरह का गठजोड़ कर रही है। आज जिस तरह से मीडिया को रोका जा रहा है, सीएम और अरविंद केजरीवाल को आगे आकर इस पर सफाई देनी चाहिए। वे कहते हैं कि वे किसानों और मजदूरों के साथ हैं, फिर वे मीडिया को क्यों रोक रहे हैं? भगवंत मान सरकार का चेहरा बेनकाब हो गया है। पहले हम केवल केंद्र सरकार के खिलाफ थे, लेकिन अब हमें राज्य सरकार से निपटना है। पंजाब सरकार केंद्र सरकार के कामों पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है। वहीं पटियाला के एसएसपी नानक सिंह ने कहा कि मीडिया को नहीं रोका गया है। हमारा ऐसा कोई इरादा नहीं है। लेकिन मीडिया को जानकारी देना ज़रूरी था। पिछली बार हमें पता चला था कि 3-4 मीडियाकर्मी घायल हो गए हैं। उससे बचने के लिए हमने मीडिया को जानकारी दी... हम कोशिश करेंगे कि ऐसा न हो - लेकिन अगर कोई घायल होता है, तो उसे निकालने के लिए हमारे पास मेडिकल टीम है।

## उधमपुर में दो पुलिसकर्मियों की गोली लगने से मौत, पुलिस वैन में मिले शव

**नई दिल्ली, 8 दिसम्बर (न्यूज चैनल)।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में दो पुलिसकर्मियों के शव मिले हैं। दोनों को गोली लगी थी। एक पुलिसकर्मी घायल है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब 6.30 बजे उधमपुर जिला मुख्यालय में काली माता मंदिर के बाहर पुलिस वैन के अंदर पुलिसकर्मियों के गोलियों से छलनी शव पड़े मिले। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस का एक दल घटनास्थल पर पहुंचा और शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।



प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों पुलिसकर्मियों की मौत एक-दूसरे पर गोली चलाने के बाद हुई। घटना के पीछे आपसी झगड़े का संदेह है। एसएसपी उधमपुर आमोद नागपुरे ने कहा कि उधमपुर जिले के रहमबल इलाके में आपसी झगड़े और आत्महत्या की घटना में दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। पुलिसकर्मी विभाग के वाहन में सवार होकर एसटीसी तलवारा की ओर सोपोर जा रहे थे और गोलीबारी में गोली लगने से घायल हो गए। घटना के पीछे की सच्चाई का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है। एसएसपी उधमपुर आमोद नागपुरे ने कहा, घटना सुबह 6.30 बजे हुई। पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। शुरुआती जांच के अनुसार, यह साबित हो गया है कि घटना में एके-47 राइफल का इस्तेमाल किया गया था। दो पुलिस कर्मियों की मौत हो गई है। तीसरा पुलिस कर्मी सुरक्षित है। उन्हें पोस्टमॉर्टम और अन्य प्रक्रियाओं के लिए जीएमसी उधमपुर ले जाया जाएगा।

CMYK